# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**08.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर भाजपा ने प्रदेश में मनाया जश्न– पार्टी ने केन्द्रीय नेतृत्व को दी बधाई।
- मुख्यमंत्री ने श्री नैनादेवी विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 27 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- महाकुम्भ से लौट रहे वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से कांगड़ा ज़िले के 2 लोगों की मृत्यु– 11 अन्य घायल।
- उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों की एथेलेटिक्स स्पर्धा में हिमाचल के सावन बरवाल ने जीता स्वर्ण पदक।

**अब समाचार विस्तार से**

**मतगणना**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर प्रदेश में भी पार्टी में खुशी का माहौल है। राज्य के विभिन्न ज़िलों में इस जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। चुनाव में मिली जीत पर भाजपा ने आज शिमला के सी.टी.ओ. चौक पर जीत का जश्न मनाया। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत पर खुशी जताई और जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व केन्द्रीय मंत्री अमित शाह को बधाई दी।

वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने इसे मोदी की गारंटी और विकास के विजन की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है और ये अहंकार व अराजकता की हार है। सांसद हर्ष महाजन और सुरेश कश्यप ने भी इस जीत पर केन्द्रीय नेतृत्व को बधाई दी है। दूसरी ओर, हमीरपुर ज़िला भाजपा के पूर्व सचिव विनोद ठाकुर ने कहा कि दिल्ली चुनाव परिणाम में अरविन्द केजरीवाल और उनके नेताओं के अहंकार के कारण आम आदमी पार्टी चुनाव हारी है। उन्होंने कहा कि इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित सभी वरिष्ठ नेताओं व पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जाता है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि दिल्ली ने भ्रष्टाचार मुक्त, विकसित और स्वच्छ दिल्ली बनाने के संकल्प के लिए भाजपा को जनादेश दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इस चुनाव परिणाम के बाद अब राजधानी दिल्ली को आपदा से मुक्ति मिल चुकी है। अनुराग सिंह ठाकुर ने चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए दिल्ली की जनता का आभार जताया। उन्होंने इस जीत को पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व सहित समर्पित कार्यकर्ताओं का परिश्रम करार दिया है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बिलासपुर ज़िले में श्री नैनादेवी विधानसभा क्षेत्र में आज करीब एक सौ 27 करोड़ रूपए की 13 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि श्री नैनादेवी मंदिर परिसर का 3 चरणों में सौदर्यीकरण किया जाएगा और इस कार्य पर सौ करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले समय में अन्य मंदिरों का भी सौंदर्यीकरण करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में समृद्धि लाने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चोर दरवाज़े बंद किए हैं जिसके परिणाम स्वरूप किसानों के हाथ में पैसा पहुंच रहा है।

सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता रोज़ तरह–तरह की झूठी अफवाहें फैला रहे हैं और देशभर में राज्य के लोगों को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र सरकार के प्रतिबंधों से उबरते हुए आगे बढ़ रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले एक सप्ताह में लोक निर्माण विभाग के सभी ठेकेदारों की देनदारियां जारी कर दी जाएंगी।

जनसभा में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को गति देने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। नशे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशा तस्करों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि श्री नैनादेवी मंदिर के लिए जाने वाली सड़क को चौड़ा करने के लिए 3 करोड़ रूपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है और आने वाले समय में इसका सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के चैडविक स्थित आकाशवाणी कालोनी में नवनिर्मित चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया। पार्क का निर्माण राष्ट्रीय लेखा परीक्षा व लेखा अकादमी द्वारा स्थानीय बच्चों के मनोरंजन के लिए किया गया है। राज्यपाल ने अकादमी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाएं बच्चों के कल्याण और समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। राज्यपाल ने चैडविक हाऊस संग्रहालय का दौरा कर प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

**वाटरशैड**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉक्टर चंद्रशेखर पेमासानी ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में नई वाटरशैड विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। उन्होंने ये जानकारी राज्यसभा में सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि वाटरशैड विकास का मुख्य उद्देश्य संसाधन संरक्षण, संसाधन सृजन और संसाधन उपयोग है। उन्होंने कहा कि योजना की शुरूआत से अब तक हिमाचल को केन्द्रीय हिस्से के रूप में 55 करोड़ 77 लाख रूपए की राशि जारी की जा चुकी है।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार 10 फरवरी को सुबह 11 बजे देश भर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत बातचीत करेंगे। इस दौरान देशभर के 36 विद्यार्थी प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे। दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित कई प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन सहित व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे।

**हादसा**

प्रयागराज के महाकुम्भ से लौट रहे हिमाचल प्रदेश के एक वाहन के आज सुबह उत्तर प्रदेश के हमीरपुर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कांगड़ा ज़िले के दो लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में 11 अन्य श्रद्धालु घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। घायल श्रद्धालु दुर्घटनास्थल के समीप एक अस्पताल में उपचाराधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे के बाद प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के साथ संपर्क में है।

**राष्ट्रीय खेल**

उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों में आज एथेलेटिक्स और जिमनास्टिक स्पर्धाओं की शुरूआत हुई। इस दौरान देहरादून में 10 हज़ार मीटर की दौड़ में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इन खेलों में आज पुरूष वर्ग में हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल ने स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रीय खेलों में अब तक 39 स्वर्ण पदक जीत कर सेना सूची में शीर्ष पर है। तीस स्वर्ण पदकों के साथ कर्नाटक दूसरे स्थान पर है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में हल्के बादल छाए हुए हैं। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीते दिनों हुई बर्फबारी और बारिश से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इससे प्रदेश के अधिकांश क्षेत्र शीतलहर की चपेट हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि 10 फरवरी

तक प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी होने की संभावना है जबकि मैदानी इलाकों में शीतलहर जारी रहेगी।

**करूणामूलक**

प्रदेश करूणामूलक संघ ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी वायदे पूरा न करने का आरोप लगाया है। संघ की उपाध्यक्ष बॉबी शुर्टा ने शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस ने करूणामूलक संघ की मांगें पूरा करने के वायदे किए थे लेकिन 2 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी करूणामूलक आश्रितों को नौकरी नहीं मिली है। संघ ने मांगें पूरा न होने पर आने वाले दिनों में अपने संघर्ष को और तेज़ करने की चेतावनी दी है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर भाजपा ने प्रदेश में मनाया जश्न– पार्टी ने केन्द्रीय नेतृत्व को दी बधाई।
- मुख्यमंत्री ने श्री नैनादेवी विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 27 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- महाकुम्भ से लौट रहे वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से कांगड़ा ज़िले के 2 लोगों की मृत्यु– 11 अन्य घायल।
- उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों की एथेलेटिक्स स्पर्धा में हिमाचल के सावन बरवाल ने जीता स्वर्ण पदक।